कार्यालय जनपद न्यायाधीश कानपुर देहात।

सूचना

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र सं0 14/एडमिन डी सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 के अनुपालन में जनपद न्यायालय कानपुर देहात में निम्न रिक्त पदो पर जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण की अस्थायीरूप से पुर्ननियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र दिनांक 30.11.2022 की सायं 5:00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, कानपुर देहात में प्राप्त किये जायेगें।

क्र0सं0	पुर्ननियुक्ति हेतु पदनाम	रिक्त पदो की संख्या	मानदेय
1	आशुलिपिक ग्रेड–3	7	Principal of last pay drawn minus amount of pension.
2	वरिष्ठ सहायक	33	Principal of last pay drawn minus amount of pension.
3	अर्दली/चपरासी	28	Principal of last pay drawn minus amount of pension.
4	वाटरमैन	01	Principal of last pay drawn minus amount of pension.
5	माली	01	Principal of last pay drawn minus amount of pension.

उपरोक्त पदो पर पुर्ननियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नई नियुक्ति/पदोन्नति होने अथवा पुर्ननियुक्ति का एक वर्ष पूर्ण होने अथवा अभ्यर्थी की आयु 65 वर्ष पूर्ण होने, इनमें से जो भी पहले घटित हो तक की अवधि के लिये की जायेगी।

अन्य जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने पिछले पांच वर्षो की चरित्र पंजिका की प्रमाणित प्रविष्टि आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेगें।

नियम एवं शर्तो के अनुसार योग्य आवेदनों को साक्षात्कार की प्रक्रिया हेतु न्यायालय में समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा। तत्सम्बन्धी दिनांक एवं समय की सूचना आवेदनकर्ताओं को प्रेषित की जायेगी एवं साक्षात्कार हेतु उपस्थित आवेदनकर्ताओं को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। माह नवम्बर 2022 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारीगण भी उक्त हेतु आवेदन कर सकते है।

प्रशासनिक अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वे जनपद न्यायालय कानपुर देहात से तृतीय श्रेणी संवर्ग में सेवानिवृत्त कर्मचारीगण एवं डिप्टी नाजिर द्वारा चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में सेवानिवृत्त कर्मचारीगण को उक्त सूचना जरिये दूरभाष एवं अन्य माध्यम से उनके संज्ञान में लायी जायेगी।

नोटिस की एक प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये। कम्प्यूटर अनुभाग द्वारा जनपद न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड की जाये। केन्द्रीय नजारत से एक प्रति जिला सूचना अधिकारी कानपुर देहात को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

Approved
12.11.22
DISTRICT JUDGE
...R DEHAT

10/11/22
अध्यक्ष,
सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति समिति/
प्रथम अपर जिला जज, कानपुर देहात।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश कानपुर देहात।

प्रारूप

1	सेवानिवृत्त कर्मचारी का नाम	:
2	पिता का नाम	:
3	जन्मतिथि	:
4	आयु दिनांक 30.11.2022 के अनुसार	:
5	सेवानिवृत्ति की तिथि	:
6	आवेदित पद	:
7	स्थाई निवास	:
8	अस्थाई निवास (यदि कोई हो) (पत्राचार हेतु)	:
9	अंतिम धारित पद	:
10	मोबाईल नम्बर/ई0मेल आई0डी0	:
11	अंतिम धारित पद पर आहरित अंतिम वेतन (अंतिम वेतन प्रमाण पत्र और अंतिम पेंशन प्रमाण पत्र संलग्न करें)	:
12	पिछले पांच साल के ए0सी0आर0 की प्रमाणित प्रति (केवल उन कर्मचारियों के लिए जो कानपुर देहात के अलावा अन्य जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त हो)	:

दिनांक–

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा

मैं .... पुत्र/पुत्री ....
निवासी ....
प्रमाणित करता हूँ कि आवेदन में अंकित विवरण मेरे निजी ज्ञान में है, मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। मै पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हूँ तथा कार्य करने में सक्षम हूँ। मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लंबित एवं पंजीकृत नहीं है।

दिनांक–

हस्ताक्षर आवेदक

Approved
12.12.22
DISTRICT JUDGE
KANPUR DEHAT